S.T.D. 0581
2527263, 2521122
2527282, 2523378

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

बरेली - 243 006 (भारत)
BAREILLY-243 006 (INDIA)

पत्रांक : रू.वि./पं.नि.का./2025/2687-2695

दिनांक : 22.08.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय कुलपति महोदय के आदेशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की मुख्य परीक्षा सत्र 2024-25 के स्नातक स्तर के एन.ई.पी. 2020 से आच्छादित बी.ए., बी.एस.सी. एवं बी.कॉम. पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर के **स्पेशल बैक परीक्षा** आवेदन पत्र दिनांक 25.08.2025 से ऑनलाईन भरवाय जायेगें। **ऐसे छात्र/छात्रायें जो चतुर्थ सेमेस्टर तक उत्तीर्ण हैं तथा पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर दोनों में मिलाकर पॉच मुख्य प्रश्न पत्रों (लिखित एवं प्रयोगात्मक) में अनुत्तीर्ण हैं, अनिवार्य योग्यता विषयों को उक्त पॉच मुख्य प्रश्न पत्रों में सम्मिलित नहीं किया गया है, वह उन पॉच मुख्य प्रश्न पत्रों से पृथक रहेगें।** इच्छुक छात्र/छात्रायें स्पेशल बैक का आवेदन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**उपरोक्त पंचम एवं षष्ठम् सेमेस्टर की स्पेशल बैक की परीक्षायें MCQ (OMR Based) पैटर्न पर सम्पादित करायी जायेगीं।** परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथियॉ निम्न प्रकार हैं:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि | - | 25.08.2025 |
| 2. | छात्र द्वारा परीक्षा फार्म भरने एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | - | 31.08.2025 |
| 3. | छात्र द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करने एवं महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि | - | 02.09.2025 |

सूच्य हो कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार आवेदन पत्र सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें। परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय प्रेषित नहीं की जानी है। महाविद्यालय को परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित कर अपने पास सुरक्षित रखना है।

**परीक्षा नियंत्रक**

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. वित्त अधिकारी।
3. मीडिया प्रभारी।
4. उप-कुलसचिव (परीक्षा)।
5. प्रभारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर/विश्वविद्यालय बेवसाइट।
6. प्रभारी, ऑनलाईन एजेन्सी।
7. निजी सचिव-कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
8. वै.सहा. कुलसचिव।

**परीक्षा नियंत्रक**